# नेकराम शर्मा ने मोटे अनाज के सरंक्षण और वर्षा प्रभावितों की मदद में निभाई थी अहम भूमिका

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**

**मंडी साक्षरता** एवं जन विकास समिति ने आज आयोजित कार्यक्रम में मोटे अनाज की जैविक खेती के लिए पद्मश्री पुरुस्कार प्राप्त करने वाले किसान नेकराम शर्मा और जुलाई और अगस्त माह में भारी बारिश के कारण हुई त्रासदी में बेहतरीन मदद का काम करने के समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेन्द्र मोहन को सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता हेमंत राज वैद्य ने की और महासचिव भीमसिंह ने संचालन किया। समिति के अध्यक्ष हेमंत राज वैद्य व बीरबल शर्मा ने साक्षरता भवन सौली खड्ड में दोनों कार्यकताओं को शाल, टोपी और




स्मृति चिन्ह भेंट करके सम्मानित किया जिसमें जिला भर के कार्यकर्ता मौजूद रहे। सम्मानित किए गए दोनों समाजसेवियों के योगदान बारे कार्यक्रम में जानकारी दी और प्रशस्ति पत्र भी वितरित किए गए। हेमंत वैद्य ने कहा कि पद्मश्री नेकराम वर्ष 1991 में साक्षरता समिति द्वारा संचालित किए गये जन साक्षरता अभियान में जुड़े थे और उसके बाद पर्यावरण संरक्षण और जैविक खेती के काम में निरन्तर कार्य करते रहे।जिसके तहत उन्होंने मोटे अनाज की पैदावार बढ़ाने के लिए प्रमुखता से कार्य किया और इस वर्ष अप्रैल में उन्हें राष्ट्रपति ने इस कार्य के लिए पद्मश्री पुरुस्कार से सम्मानित किया जो उनके निरन्तर प्रयासों का परिणाम है और साक्षरता समिति के लिए भी गर्व का विषय है। इसी प्रकार इस साल भारी बारिश से नेला वार्ड में प्रभावित व बेघर हुए परिवारों की मदद की जिसके लिए वे कई दिन घर से बाहर रहे और पैदल चलकर दिन रात काम किया। लेकिन उन्हें सरकार ने तो सम्मानित नहीं किया लेकिन समिति ने उन्हें इस कार्य के लिए आज सम्मानित किया जो समिति व समाज के लिए समाजसेवा के उदाहरण बने हैं। दोनों कार्यकर्ता समिति के संस्थापक सदस्य हैं और ये समिति के लिए गर्व का विषय है। इनके अलावा और भी दर्जनो ऐसे कार्यकर्ता समिति के साथ जुड़े हैं।

# वकीलों की जन आक्रोश रैली में कांग्रेस नेता हुआ शामिल

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**

**माजरा स्थित रामलीला मैदान में** जन आक्रोश रैली में मुख्य तौर पर कांग्रेस नेता अवनीत सिंह लांबा शामिल हुए। साथ ही भाजपा नेता भी इसमें समर्थन करने आये थे। कांग्रेस नेता अवनीत सिंह लांबा ने कहा कि उच्च न्यायालय हिमाचल प्रदेश द्वारा एक नोटिफि केशन के चलते माजरा थाने के अपराधिक मामलों को पांवटा की अदालतों से अलग कर नाहन की अदालतों में जोड़े जाने के फैसले के चलते शहर के अधिवक्ता लगातार कई दिनों से हड़ताल पर हैं। यह निर्णय जहां शहर की बार एसोसिएशन के सदस्यों को नुकसान पहुंचाएगा वहीं माजरा की गरीब जनता पर आर्थिक बोझ भी बढ़ाएगा। अवनीत लांबा हर वर्ग के साथ



कंधे से कंधे मिलाकर खड़े रहते है। वकीलों कों सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा की उनके क्षेत्र के लोगों के हक के विरुद्ध में हुए हर फैसले के सामने वह एक चट्टान के रूप में खड़े रहेंगे।अब जब ये मामला माननीय उच्च न्यायालय से जुड़ा है तों वह अपनी ओर से यह अपील करते हैं कि इस निर्णय को जल्द से जल्द वापस लिया जाए। वहीं बार एसोसिएशन वरिष्ठ एवं कनिष्ठ अधिवक्ता और आसपास की सभी पंचायत के प्रधान प्रतिनिधि भी जन आक्रोश रैली में समिलित हुए। उन्होंने माजरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले न्यायिक कोर्ट मामलों को पांवटा साहिब से नाहन में शिफ्ट किए जाने पर जनता ने जन आक्रोश रैली मैं हिस्सा लिया।

# भविष्य के लिए सेविंग करते हैं, तो इससे आपको मदद मिलेगी: राकेश

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**

हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक वित्तीय साक्षरता केंद्र मंडी द्वारा राष्ट्रीय कृषि और नाबार्ड के सौजन्य से गांव कोट खमराधा तहसील ओट जिला मण्डी में एक दिवसीय वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक जिला कार्यालय मंडी से वित्तीय साक्षरता समन्वयक राकेश ठाकुर ने किया। उन्होंने वित्तीय योजना के बारे में बताते हुए कहा कि वित्तीय योजना बनाने का मतलब अपने खर्चों की योजना बनाना, सेविंग करना और सुरक्षित भविष्य के लिए सही जगहों पर निवेश करना




है। अगर आप अपनी इनकम पर विचार करते हैं, अपने खर्चे का विश्लेषण करते हैं और भविष्य के लिए सेविंग करते हैं, तो इससे आपको मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि वित्तीय योजना बनाने से आप किसी भी अप्रत्याशित परिस्थिति के लिए तैयार रहेंगे, चाहे वह स्वास्थ्य संबंधी आवश्यकताएँ हों या कोई अन्य खर्च जिन्हे करना जरुरी हो, आपको तैयार रहना चाहिए। भविष्य का कुछ नहीं पता, लेकिन आप कम से कम ऐसी किसी भी चीज के लिए तैयार रह सकते हैं, जो आपके रास्ते में आ सकती है। वित्तीय योजना बनाने का फ ायदा यह है कि आप अपने वर्तमान और भविष्य को सुरक्षित रखते हैं। रिटायर होने के बाद अपने खर्चों को पूरा करने के लिए आपको कोई लोन नहीं लेना पड़ेगा। उन्होंने लोगों को सामाजिक सुरक्षा योजनाओं को अपनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि सामाजिक सुरक्षा योजना एक सामाजिक बीमा योजना है जो व्यक्ति को संकट के समय अथवा उस समय, जब उसकी कमाई कम हा जाय, तथा जन्म, मृत्यु या विवाह में होने वाले अतिरिक्त व्यय की पूर्ति के लिए लाभान्वित करती है।

# बद्रीपुर-खारा आठ किलोमीटर सड़क के लिए आठ करोड़ मंजूर

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**

प्रधानमंत्री ग्रामीण सडक योजना में उपमंडल पांवटा साहिब की एक सडक के लिए 8 करोड़ रुपये की मंजूरी मिल गई है। बद्रीपुर गुज्जर बस्ती से खारा तक आढ़ किलोमीटर लंबी सडक का सुधारीकरण होगा। जय बता दें कि कुछ स्थलों पर सडक को चौड़ा किया जाएगा, जिसके लिए लोक निर्माण विभाग इसकी टेंडर प्रक्रिया शुरू करेगा। पावंटा साहिब के बद्रीपुर-गुज्जर बस्ती से लेकर खारा तक संपर्क सडक के सुधार के लिए फ इल सरकार को भेजी गई थी, यह सडक कई स्थलों पर खस्ताहाल और कुछ स्थलों पर कम चौड़ी है। अब इस योजना के तहत सडक का टरिंग कार्य होगा। सडक निर्माण के लिए आठ करोड़ बजट मंजूर हुआ है बीएस चौधरी, सीताराम, धनवीर सिंह और रामपाल ने बताया कि यह मार्ग काफ ी महत्वपूर्ण है। सडक के तैयार होने से लोगों को सुविधा होगी। लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता दलीप सिंह तोमर ने बताया कि प्रधानमंत्री ग्रामीण सडक योजना तीसरे चरण के तहत इस योजना को करीब आठ करोड़ के बजट की स्वीकृति मिली है। शीघ्र टेंडर प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

## संक्षिप्त खबरें

### तारों के जंजाल से छुटकारा पाने के लिए 7 नवंबर को जिओ, एयरटेल और बीसीएनएल कंपनी के साथ नगर निगम करेगा बैठक

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

शहर में मर्जी मुताबिक एयरटेल, जिओ, बीएसएनएल और केवल ऑपरेटरों द्वारा बिछाई जा रही तारें आम जनता के लिए परेशानी बन गई है। इसे लेकर पार्षद और लोग एमसी ऑफि स में शिकायतें लेकर पहुंच रहे हैं। तारों को बिना परमिशन बिछाने पर नगर निगम इन कंपनियों के साथ बैठक करने जा रहा है। 7 नवंबर को यह मीटिंग होगी जिसकी अध्यक्षता मेयर सुरेंद्र चौहान करेंगे। सुबह 11:30 बजे यह बैठक टाउन हॉल में होगी। जिसमें कंपनियों से जब तलब किया जाएगा कि किसकी परमिशन से यह तारें बिछाई जा रही है। कुकोई इन तारों में बंदर लटक कर इसे तोड़ रहे हैं। रास्तों में वायर पड़ी रहती है जिसमें फं सकर लोग गिर रहे हैं और टांग बाजू तक टूटने को शिकायते एमसी को मिल रही है। इसके अलावा शिमला घूमने आए सैलानी राजधानी की खूबसूरती देखने आते हैं लेकिन यहां हर जगह तारों का जंजाल है। जिससे लोग प्रशासन व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर रहे हैं।

### अनिरुद्ध सिंह 5 नवम्बर को न्यू शिमला में आयोजित पुष्प प्रदर्शनी के समापन अवसर पर करेंगे शिरकत

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह 05 नवम्बर, 2023 को प्रातः 11 बजे न्यू शिमला में ग्रीन न्यू शिमला सोसाइटी द्वारा आयोजित पुष्प प्रदर्शनी के समापन अवसर पर मुख्यातिथि के रूप में शिरकत करेंगे और पुरस्कार वितरण समारोह में भी शामिल होंगे। यह जानकारी गत दिवस को एक सरकारी प्रवक्ता ने दी।

### ऑनलाइन टॉस्क के नाम पर ऊना में ठगी का खेल जारी

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

जिला ऊना में ऑनलाइन टॉस्क के नाम पर ठगी का खेल लगातार जारी है। जिला ऊना में दस दिन के बीच दूसरा मामला सामने आया है, जिसमें टॉस्क पूरे करने के नाम पर महिला से 1.60 लाख रुपये की ठगी हुई है। लोअर अरनियाला निवासी व्यक्ति ने पत्नी से हुई ठगी का लेकर पुलिस के पास शिकायत दी है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में परवेश कुमार निवासी लोअर अरनियाला ने बताया कि 19 जुलाई को टेलीग्राम के माध्यम से मेरी पत्नी का किसी लडक ी से संपर्क हुआ। जिसने वर्क फॉर्म होम के बारे बताया और पत्नी को एप्प में काम करने के लिए तैयार कर लिया। आरोप है कि लडक ी द्वारा बताए गए काम के बदल पहले 10 हजार रुपये बाऊंस प्वाइंट दिए। कार्य पूरा करने पर अकाऊंट में 900 रुपये आए भी। परवेश कुमार का कहना है कि इसके बाद पत्नी द्वारा 10 हजार रुपये जमा करवाए गए। जिसके बाद कार्य खत्म करने पर 15,500 रुपये प्राप्त हुए। इसके बाद पुनः 10 हजार रुपये जमा करवाकर टॉस्क पूरा करने पर 15,200 रुपये अकाऊंट में आए। ऐसे की टॉस्क पूरे करने पर अकाऊंट में पैसे आते रहे। इसके बाद कंपनी द्वारा करीब एक लाख रुपये जमा करवाने की कंडीशन लगाई गई, जिसके पैसे भी जमा करवा दिए। टॉस्क पूरा करने के बाद पुनः पैसे जमा करवाने की बात कही, लेकिन मैने पैसे जमा नहीं करवाए। परवेश का कहना है कि कुल 1 लाख 60 हजार रुपये का फ्रॉड हुआ है। साथ ही बैंक का अकाऊंट भी ब्लॉक करवा दिए। इससे पहले उपमंडल बंगाणा के रौणखर की महिला से 4.26 लाख की ठगी हुई है, जिसकी शिकायत पुलिस को दी है। एएसपी ऊना संजीव भाटिया ने बताया कि ऑनलाइन ठगी को लेकर पुलिस के पास शिकायत मिली है। पुलिस साइबर सेल के माध्यम से मामले की जांच कर रही है। उन्होंने जिलावासियों से ऑनलाइन ठगी करने वालों से सावधान रहने का आग्रह किया है।

# 22 से 27 तक आयोजित होगा अंतरराष्ट्रीय श्री रेणुका जी मेला



**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**

**उत्तर** भारत के प्रसिद्ध अंतरराष्ट्रीय श्री रेणुका जी मेला का आयोजन इस वर्ष 22 नवम्बर से 27 नवंबर, 2023 तक परम्परागत ढंग से धूमधाम के साथ किया जायेगा। उपायुक्त सिरमौर एवं अध्यक्ष श्री रेणुका जी विकास बोर्ड सुमित खिमटा ने यह जानकारी मेले के प्रबंधों को लेकर आज श्री रेणुका जी के कुब्जा पवेलियन में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए दी। उन्होंने बताया कि अंतरराष्ट्रीय श्री रेणुका जी मेला में सांस्कृतिक संध्याओं के आयोजन के लिए प्रसिद्ध कलाकारों को प्रस्तुतियों हेतु आमंत्रित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक संध्याओं में सिरमौरी नाइट और हिमाचली नाइट का विशेष आयोजन किया जाएगा। इसके अतिरिक्त मेला में दंगल, वाद्य दल तथा अन्य प्रतियोगिता आयोजन किया भी प्रमुखता से किया जाएगा। उपायुक्त ने कहा कि मेले के दौरान स्वच्छता बनाये रखने के दृष्टिगत साफ.-सफ ाई को लेकर विशेष कार्य योजना बनाई जायेगी। मेले में आने वाले

**तैयारियां**

**8 मेले के दौरान पुलिस कानून एवं व्यवस्था को बनाए रखने के लिए पहले की भांति अपना प्लान तैयार करे**

श्रद्धालुओं की सहूलियत के लिए ददाहु से रेणुका जी तक सडक पर रोशनी की भी समुचित व्यवस्था की जासयेगी। उन्होंने कहा कि मेला अवधि के दौरान 13 स्वागत द्वारों का निर्माण चयनित स्थानों पर किया जाएगा। सुमित खिमटा ने कहा कि मेले के दौरान पुलिस कानून एवं व्यवस्था को बनाए रखने के लिए पहले की भांति अपना प्लान तैयार करे। श्री रेणुका जी मेले के दौरान स्वास्थ्य तथा आयुष विभाग द्वारा अस्थाई डिस्पेंसरी की स्थापना, बिजली, पेयजल, सडक की मुरम्मत, शौचालयों की व्यवस्था, खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए सेंपलिंग टीम का गठन समेत मेले से जुड़े अन्य विभिन्न पहलुओं पर भी बैठक में विस्तार से चर्चा की गई।

# नंगडां में स्वयंसेवियों को स्वास्थ्य व स्वच्छता का बताया महत्व

**टीम एक्षन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला नंगडां में चल रहे एनएसएस शिविर के तीसरे स्वयंसेवियों ने प्रभात फेरी व व्यायाम से दिन की शुरूआत की। तीसरे दिन आयुष विभाग के डॉ. नीरज पूनर ने स्वयंसेवियों को संबोधित करते हुए बताया कि किस तरह हम जीवन में स्वच्छता का पालन करके खुद को और अपने परिवार को बीमारियों से बचा सकते हैं। उन्होंने बताया कि किस तरह स्वच्छता को अपनाकर एक समाज और देश के लोग अपने जीवन का भरपूर आनंद उठा सकते हैं।

# दीदग स्कूल में एनएसएस का सात दिवसीय विशेष शिविर संपन्न

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**

राजगढ़ ब्लॉक के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सनियो दीदग में सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना विशेष शिविर आज संपन हुआ। इस विशेष शिविर में पाठशाला के 34 स्वयंसेवियों ने भाग लिया। जिनके द्वारा दीदग गांव में सडक मुरम्मत, गांव के रास्ते की सफ ाई, झाडि ?ों की कटाई तथा जल स्त्रोतों व बाजार की सफ ाई की गई। स्वयं सेवकों ने खेड़ा मढ़ी मंदिर के रास्ते और प्रांगण तथा स्कूल परिसर की सफ ाई भी की।एसएमसी प्रधान अजीतपाल ने



कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षण संस्थानों में आरंभ की गई राष्ट्रीय सेवा योजना विद्यार्थियों के चहूंमुखी विकास में काफ ी सार्थक सिद्ध हो रही है। इस योजना के तहत बच्चों में समाज सेवा के साथ साथ बच्चों में आत्मविश्वास, प्रतिस्पर्धा और देशभक्ति की भावना उत्पन्न होती है।

# महाविद्यालय केंद्रीय छात्र संगठन, प्रशासन के बीच करता है एक सेतु का कार्य: सुरीना

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**

**प्रदेश के** सबसे बड़े महाविद्यालयों में शामिल वल्लभ राजकीय महाविद्यालय मंडी के केंद्रीय छात्र संगठन शैक्षणिक सत्र 2023-2024 के मनोनीत पदाधिकारियों व कार्यकारिणी के सदस्यों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। महाविद्यालय केंद्रीय छात्र संगठन शपथ समारोह की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर सुरीना शर्मा ने की। प्राचार्या सुरीना शर्मा ने कहा कि शैक्षणिक सत्र 2023- 2024 महाविद्यालय केंद्रीय छात्र संगठन में शैक्षणिक क्षेत्र, एनसीसी, एनएसएस, रोवर-रेंजर, विभिन्न क्लबों, सांस्कृतिक कार्यक्रमों व खेलकूद में उत्कृष्ट




प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को मनोनीत किया गया है। महाविद्यालय केंद्रीय छात्र संगठन, महाविद्यालय के विद्यार्थियों व महाविद्यालय प्रशासन के बीच एक सेतु का कार्य करता हैं। महाविद्यालय में विद्यार्थियों की समस्याओं के समाधान के लिए महाविद्यालय प्रशासन का सहयोग करता है। इस अवसर पर मेधावी विद्यार्थियों में शामिल एमएससी गणित प्रथम सेमेस्टर की छात्रा प्रिया कुमारी को अध्यक्ष, बीए तृतीय वर्ष की छात्रा वंदना कुमारी को उपाध्यक्ष, बीकॉम द्वितीय वर्ष की छात्रा कशीश शर्मा को महासचिव व बीएससी जूलॉजी प्रथम वर्ष की छात्रा लीना कुमारी को सहसचिव पद पर मनोनीत किया गया है।

# ऑलमाइटी पब्लिक स्कूल में किया गया हैलोवीन पार्टी का आयोजन: सीए पूजा मिन्हास

**टीम एक्शन इंडिया/हमीरपुर/विवेकानंद वशिष्ठ**

**शहर** के प्रतिष्ठित ऑलमाइटी पब्लिक स्कूल में किंडरगार्टन के नन्हे-मुन्ने बच्चों के लिए हैलोवीन पार्टी का आयोजन किया गया। पश्चिमी देशों में हैलोवीन त्योहार अपने पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिए मनाया जाता है। किंडरगार्डन के बच्चों के लिए वास्तव में एक मजेदार समय था। बच्चे घर से ही तैयार होकर आए थे और अभिभावकों के द्वारा उन्हें बहुत अच्छे तरीके से तैयार किया गया था। बच्चे स्कूल में डरावने परिधान पहनकर व डरावने चेहरों के साथ आए। बच्चों ने उत्साहपूर्ण बातचीत, खिलखिलाहट, दहाड़ के साथ पूरे



प्रांगण को भर दिया। बच्चे भूत, ब्लडी मैरी, वैंपायर, चुड़ैल, ड्रैकुला आदि बनकर आए थे। बच्चों ने हैलोवीन के महत्व के बारे में जानकर आनंद लिया और गाने पर भी थिरके। उत्सव मौज-मस्ती और हंसी-मजाक से भरा हुआ था। दिन का समापन हर्षोल्लास के साथ हुआ।मेकअप में दिव्यांशी राणा, वंश, भव्यांश, मायरा, हर्षवर्धन सर्वश्रेष्ठ रहे।परिधान में ईरम, अव्युकता चौहान, आरोही सर्वश्रेष्ठ रही।

# जिला सिरमौर को जल्द मिलेगा पहला 57 किलोमीटर का एनएच फोरलेन

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**

**हिमाचल** प्रदेश के जिला सिरमौर को पहले 57 किलोमीटर का फ ोरलेन मिलने जा रहा है। फ ोरलेन को बनाए जाने को लेकर इसका टेक्निकल टेंडर भी हो चुका है। देहरादून और चंडीगढ़ को जोडने. वाले पांवटा साहिब-कालाअंब नेशनल हाईवे-07 को फ ोरलेन व्यापारिक, ट्रांसपोर्टेशन तथा सामरिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। फ ोरलेन बनने से इस नेशनल हाईवे पर सफ र और भी आसान हो जाएगा। पांवटा से कालाअंब की दूरी 57 किलोमीटर है। एनएचएआई ने इस नेशनल हाईवे के सर्वेक्षण के लिए 8 करोड़ रुपए के कंसल्टेंसी टेंडर अवार्ड



कर दिए हैं। प्राधिकरण ने इस कार्य को भोपाल की लायंस नामक फर्म को सौंपा है। जल्द कंपनी एनएच का सर्वे शुरू करेगी।सर्वे कार्य पूरा होने के बाद इसकी डीपीआर तैयार की जाएगी, जिसे मंत्रालय को भेजा जाएगा। यहां यह भी बताना जरूरी है कि भारत सरकार के सडक एवं परिवहन मंत्रालय के द्वारा कुछ वर्षों पहले पंजाब के पाकिस्तान बॉर्डर से

**स्वीकृत**

**8 इस फोरलेन की जद में आने वाले रिहायशी क्षेत्रों को कंट्रोल विडथ में चिन्हित भी किया जा रहा है**

लेकर के नेपाल सीमा टनकपुर तक राष्ट्रीय राजमार्ग 07 स्वीकृत हुआ था। इस नेशनल हाईवे का 57 किलोमीटर का पैच जिला सिरमौर से होकर गुजरता है। बड़ी बात तो यह है कि अब यह पूरा का पूरा राष्ट्रीय राजमार्ग फ ोरलेन होने की तैयारी में लग गया है। एनएच पर पांवटा साहिब को जोडने.वाले उत्तराखंड क्षेत्र के कुल्हाल-देहरादून तथा रायपुर रानी से काला अंब तक फ ोरलेन बनाने का कार्य प्रगति पर चला हुआ है। नारायणगढ़ से आगे काला अंब की और सडक के दोनों ओर से यूकेलिप्टस के पेड़ काटे जा चुके हैं। यही नहीं इस फोरलेन की जद में आने वाले रिहायशी क्षेत्रों को कंट्रोल विडथ में चिन्हित भी किया जा रहा है।

इस एनएच पर अब हिमाचल से होकर गुजरने वाला 57 किलोमीटर का हिस्सा अभी डबल लेन है, जिसको फ ोरलेन बनाए जाने को लेकर टेक्निकल टेंडर किए जा चुके हैं। इस फोरलेन के बनने के बाद औद्योगिक क्षेत्र पांवटा साहिब और कालाअंब के उद्योगपतियों की ट्रांसपोर्टेशन की समस्या का समाधान होगा।

# 'आधी आबादी के लिए भाजपा ने संसद में पास करवाया महिला आरक्षण विधेयक'

**टभ्म एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**
भारतीय जनता पार्टी मंडी जिला महिला मोर्चा सम्मेलन मंडी में आयोजित किया गया। इस सम्मेलन में बड़ी तादाद में महिलाओं ने अपनी भागीदारी सुनिश्चित की।
महिला सम्मेलन को संबोधित करते हुए विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में हमारा संगठन नए सिरे से बना है। नए कार्यकताओं को जिम्मेवारी मिली है। आने वाले समय में हम लोकसभा चुनाव के बहुत करीब हैं। इसलिए हमें अब काम पर लग जाना चाहिए। आज



इस कार्यक्रम में महिला मोर्चा की प्रदेशाध्यक्ष हमारी बहन वंदना योगी जी ने भी आपका मार्गदर्शन करना था लेकिन आज उनके पिता जी का अचानक देहांत हुआ जिस कारण वो हमारे बीच

**महिला आरक्षण**

**8 मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में हमारा संगठन नए सिरे से बना है**

उपस्थित नहीं हो सकीं।
आज महिलाओं की उपस्थिति देखकर मुझे खुशी हुई और महिलाओं को आगे बढ़ते देख एक सुखद अनुभूति हो रही है क्योंकि हमारी पार्टी की सरकार ने ही इस बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में पहले लोकसभा और फि र राज्यसभा से महिला आरक्षण विधेयक पास करवाया। अब आने वाले समय में जब भी देश जनगणना प्रोसेस पूरा होता है तो हर चुनाव में ये 33 प्रतिशत महिला आरक्षण लागू होगा। अब जब ये महिला आरक्षण लागू होगा तो हिमाचल विधानसभा में भी 68 में से 22 सीटें महिलाओं के लिए होंगी जबकि अभी सिर्फ हमारी पार्टी से ही एकमात्र विधायक रीना कश्यप है।
मंडी में भी दस में से तीन सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी। ऐसे में महिलाओं की भूमिका कितनी महत्वपूर्ण होती जा रही है ये आप मातृशक्ति को समझनी होगी।

# शिक्षा मंत्री ने डोम देवता शरमला के प्रतिष्ठा समारोह में की शिरकत

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**
शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने आज ठियोग उपमण्डल में डोम देवता शरमला के प्रतिष्ठा समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उन्होंने डोम देवता के समक्ष शीश नवाया और पूजा-अर्चना की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि राज्य में देव संस्कृति हमारी अभिन्न पहचान है और इस धरोहर को आधुनिक युग में संजोए रखने का प्रयास करना चाहिए। वैश्विक प्रतिस्पर्धा के इस दौर में देव संस्कृति युवा पीढ़ी को अवसाद की समस्या से निजात दिला सकती है। उन्होंने युवा पीढ़ी से आह्वान किया कि वे देव संस्कृति से प्रेरणा लें और इस धरोहर को भावी पीढ़ी के लिए



विरासत के रूप में संजोए ताकि देव भूमि हिमाचल की अनोखी पहचान कायम रह सके। शिक्षा मंत्री ने इस अवसर पर उपस्थित देवलुओं के साथ जम कर महासु नाटी में भाग लिया और क्षेत्र के लोगों के उज्जवल भविष्य की कामना की। रोहित ठाकुर ने बताया कि वर्तमान राज्य सरकार प्राचीन मंदिरों के जीर्णोद्धार के लिए कृतसंकल्प है ताकि प्रदेश में परस्पर सदभाव और आस्था बनी रहे और युवा पीढ़ी सकारात्मक कार्यों के प्रति प्रेरित हो। इस अवसर पर ठियोग विधानसभा क्षेत्र के विधायक कुलदीप राठौर, राज्य वन निगम के उपाध्यक्ष केहर सिंह खाची, सहित आदि उपस्थित रहे।

## न्यूज फ्लैश

### कामून के प्रतिनिधिमंडल ने समस्याओं को लेकर विधायक भुटटो से की मुलाकात

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**
कुटलैहड विस क्षेत्र की ग्राम पंचायत चंगर कामून का एक प्रतिनिधि मंडल शनिवार को सडक, शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली व पानी जैसे महत्वपूर्ण समस्याओं को लेकर रेस्ट हाउस बंगाणा में विधायक देवेंद्र भुटटो ने मिले। प्रतिनिधि मंडल का कहना है कि चंगर कामून आजादी के बाद इतने वर्ष बीत जाने पर भी आदि वासियों की तरह जिंदग्गी गुजार रहे है और कई समस्याओं से गांव वासी जुझ रहे है। वही विधायक भुट्टो ने समस्या के जल्द समाधान करने का आश्वासन दिया। भुटटो ने कहा कि हमने दस माह में जो भी घोषणा की है, उसका पहले हमने बजट का प्रावधान किया है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की हर समस्या का समाधान भी होगा। हमारा उद्देश्य कुटलैहड़ विस क्षेत्र का समग्र विकास करवाना है।

### सासन स्कूल में वार्षिक समारोह 6 को

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**
राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सासन का वार्षिक पारितोषित वितरण समारोह 6 नवंबर को मनाया जाएगा। स्कूल प्रधानाचार्य बजिंद्र सिंह ने बताया कि कार्यक्रम में ऊना सदर के पूर्व विधायक व प्रदेश कांग्रेस कमिटी के उपाध्यक्ष सतपाल रायजादा बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे। उन्होंने बताया कि समारोह में मेधावी बच्चों संग अव्वल खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा।

### देहलां व बडैहर में कल बिजली बंद

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**
11केवी लाइन देहलां फीडर के जरूरी रखरखाव के लिए देहलां और बडेहर में विधुत आपुर्ति 6 नवंबर को बाधित रहेगी। यह जानकारी विद्युत उपमंडल मैहतपुर के सहायक अभियंता ई. प्रताप ठाकुर ने दी।

## 1650 उपभोक्ताओं के 62 लाख बिजली का बिल नहीं जमा

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**
**मैहतपुर** विद्युत उपमंडल के अंतर्गत आने वाले करीब आधा दर्जन गांव में 1650 उपभोक्ताओं ने पिछले काफी अरसे से लगभग 62 लाख रुपये के बिजली बिल जमा नहीं करवाए हैं। यह जानकारी विद्युत विभाग मैहतपुर के सहायक अभियंता प्रताप सिंह ने दी। प्रताप सिंह ने बताया कि मैहतपुर विद्युत उपमंडल के गांव मैहतपुर, बसदेहडा, रायपुर, चडतगढ़, लमलेहडा, उदयपुर, भटोली, जखेड़ा, बनगढ़, पुखरू, देहलां, बहड़ाला, बड़ैहर, भडौलियां, जलग्रां, चताडा व बारसडा के 1650 उपभोक्ताओं ने पिछले काफी अरसे से लगभग 62 लाख रुपये के बिजली बिल जमा नहीं करवाए हैं। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे शीघ्र बकाया बिजली के बिल जमा करवाएं। अन्यथा विभाग द्वारा 14 नवंबर से बिना सूचना दिए उनका बिजली का कनैक्शन अस्थाई रूप से काटने के निर्देश जारी कर दिए जाएंगे और दोबारा लाइट जोडने के लिए उपभोक्ताओं से 250 रुपये अतिरिक्त लिए जाएंगे।

# वाशिंग-95 व बवेली-94 मतदान केंद्रों का किया औचक निरीक्षण

**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/श्याम कुल्वी**
**कार्यवाह**क अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी शशिपाल नेगी ने आज मनाली विधानसभा क्षेत्र के वाशिंग-95 व बवेली-94 मतदान केंद्रों का औचक निरीक्षण किया।इस दौरान उन्होंने मतदाता सूचियों के पुनः निरीक्षण के कार्य सम्बंधित जानकारी इन मतदाता केंद्रों पर तैनात बीएलओ से हासिल की।उन्होंने बीएलओ को मतदाता सूचियों को सही प्रकार तैयार करने के निर्देश दिये तथा सभी पात्र व्यक्तियों का नाम मतदाता सूची में शामिल करने के निर्देश दिये।साथ ही ऐसे मतदाता



जिन का निधन हो चुका है या किसी कारण अब सम्बंधित मतदान केंद्र के तहत आने वाले क्षेत्र में नही रहते है
ऐसे मतदाता के नाम मतदाता सूची से हटाने के निर्देश दिये। शशिनेगी ने बीएलओ से मतदाता सूची में शामिल व हटाने सम्बंधित प्रपत्रों को भी जांचा। इस अवसर पर नायव तहसीलदार निर्वाचनए व बीएलओ उपस्थित थे।

# जिला राजस्व अधिकारियों की बैठक आयोजित



**टीम एक्शन इंडिया/केलांग/अंगारिया**
उपायुक्त लाहौल स्पीति स्थित केलागं राहुल कुमार की अध्यक्षता में आज यहा वीडियो कॉन्फ्रें स भवन में जिला के राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। इस अवसर पर उन्होंने बैठक में कहा की राजस्व अधिकारियों को लंबित मामलों को समयबद्ध सीमा में निपटना चाहिए ताकि आमजन को राहत मिल सके और कड़ी के मध्य नजर 20 नवंबर 2023 को राजस्व मामलों के निपटारे के लिए जिसमें निशांन देही खानगी तक्सीम प्राइवेट तक्सीम इंतकाल तथा तकसीमी मामलों का विशेष सप्ताह आयोजन किया जा रहा है। राहुल कुमार ने बताया की वर्तमान राज्य सरकार के मानवीय दृष्टिकोण के तहत क्षतिग्रस्त मकानों को संशोधित राहत मैन्युअल के तहत प्रभावित आपदा ग्रस्त लोगों को तत्काल प्रभाव से वित्तीय सहायता प्रदान की जारी है। और बिपदा की घड़ी में जिला प्रशासन आपदा प्रभावित लोगों को हर संभव सहायता प्रदान कर रहा है। उन्होंने उपस्थित उपमंडल अधिकारियों को अपने क्षेत्र में विंटर सीजन से पहले लंबित मामलों के निपटारे कर ले तथा विंटर सीजन के लिए बैठक करने का आवाहन किया ताकि लोक निर्माण जल शक्ति स्वास्थ्य विद्युत विभाग आपातकालीन सेवाओं के लिए तैयार रहे ताकि स्थानीय लोगों को कोई दिक्कत उत्पन्न न हो।
उन्होंने संबंधित उपमंडल अधिकारियों तहसीलदारों व नायब तहसीलदारों को पटवारीयों व फील्ड कानूनगो से बेहतर समन्वय स्थापित करने का आवाहन किया ताकि लोगों के लंबित मामलों का समय पर निपटारा हो सकें और दोहराया कि कतोही बरतने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।
उन्होंने उपस्थित राजस्व अधिकारियों से सीधा संवाद स्थापित किया और विभिन्न मामलों पर उनके संशय दूर किए और आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला राजस्व अधिकारियों की बैठक

**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/श्याम कुल्वी**
उपायुक्त लाहौल स्पीति स्थित केलागं राहुल कुमार की अध्यक्षता में आज यहा वीडियो कॉन्फ्रेंस भवन में जिला के राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। इस अवसर पर उन्होंने बैठक में कहा की राजस्व अधिकारियों को लंबित मामलों को समयबद्ध सीमा में निपटना चाहिए ताकि आमजन को राहत मिल सके और कड़ी के मध्य नजर 20 नवंबर को राजस्व मामलों के निपटारे के लिए जिसमें निशांन देही खानगी तक्सीम प्राइवेट तक्सीम इंतकाल तथा तकसीमी मामलों का विशेष सप्ताह आयोजन किया जा रहा है। राहुल कुमार ने बताया की वर्तमान राज्य



सरकार के मानवीय दृष्टिकोण के तहत क्षतिग्रस्त मकानों को संशोधित राहत मैन्युअल के तहत प्रभावित आपदा ग्रस्त लोगों को तत्काल प्रभाव से वित्तीय सहायता प्रदान की जारी है। और बिपदा की घड़ी में जिला प्रशासन आपदा प्रभावित लोगों को हर संभव सहायता प्रदान कर रहा है । उन्होंने उपस्थित उपमंडल अधिकारियों को अपने क्षेत्र में विंटर सीजन से पहले लंबित मामलों के निपटारे कर ले तथा विंटर सीजन के लिए बैठक करने का आवाहन किया ताकि लोक निर्माण जल शक्ति स्वास्थ्य विद्युत विभाग आपातकालीन सेवाओं के लिए तैयार रहे ताकि स्थानीय लोगों को कोई दिक्कत उत्पन्न न हो। उन्होंने संबंधित उपमंडल अधिकारियों तहसीलदारों व नायब तहसीलदारों को पटवारीयों व फील्ड कानूनगो से बेहतर समन्वय स्थापित करने का आवाहन किया ताकि लोगों के लंबित मामलों का समय पर निपटारा हो सकें और दोहराया कि कतोही बरतने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने उपस्थित राजस्व अधिकारियों से सीधा संवाद स्थापित किया और विभिन्न मामलों पर उनके संशय दूर किए और आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# लक्ष्य को हासिल करने के लिए सकारात्मक सोच का होना

## विज्ञान व तकनीकी के साथ सफ ल जीवन के लिए फ ायनांस, अर्थशास्त्र और वाणिज्य जैसे विषयों का ज्ञान होना भी आवश्यक

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**
**लक्ष्य** चाहे कोई भी हो, उसे हासिल करने के लिए सकारात्मक सोच का होना आवश्यक है। सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ? और अपने लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में किए जाने वाले प्रयास हमेशा सफलता दिलाते हैए यह बात खंड विकास अधिकारी करसोग वैशाली शर्मा ने राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सेरी बंगलो में कहीं। खंड विकास अधिकारी ने स्कूल के एनएसएस स्वयं सेवियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज विज्ञान व तकनीकि का युग है। हमें विज्ञान व तकनीकी का ज्ञान होना चाहिएए लेकिन इसके साथ-साथ हमें अपने जीवन में सफलता



हासिल करने के लिए फायनांसए अर्थशास्त्र और वाणिज्य जैसे विषयों का ज्ञान होना भी आवश्यक है। तभी हम अपने करियर में सफल हो सकते है। उन्होंने स्वयं सेवियों को करियर के संबंध में जागरूक करते हुए कहा कि किसी भी विषय के संबंध में ज्ञान हासिल करने के लिए हमारें पास उचित मात्रा में पठन-पाठन सामग्री व स्टडी मेथड़ का भी उचित होना आवश्यक है। उन्होंने स्वयं सेवियों को लक्ष्य की प्राप्ति की दिशा में किए जाने

**निशाना बनाया**

~~8 इस बार इस बार इस बार इस बार इस बार इस बार इस बार इस बार इस बार इस बार इस बार इस बार इस बार~~

प्रयासों में सकारात्मक सोच और उसके प्रति समय.समय पर चिंतन मनन करने की सलाह देते हुए कहा हमें अपनी कमियों का भी स्वयं ही मूल्याकन करते रहना चाहिए। उन्होंने स्वयं सेवियों को प्रशासनिक सेवाओं में जाने के टिप्स भी दिए। इसके अतिरिक्त, बौद्धिक सत्र में तहसील कल्याण अधिकारी करसोग भोपाल शर्मा ने भी स्वयं सेवियों को सयंमित जीवन के लिए जरुरी दिनचर्या बनाने पर अपने विचार रखे। उन्होंने स्वयं सेवियों को चेक एंड चेंज एटीट्यूड पर अपना ध्यान केन्द्रित करने को कहा। स्कूल परिसर में चल रहे सात दिवसीय एनएसएस शिविर के दूसरे दिन स्वयं सेवियों ने प्रोजेक्ट वर्क के तहत विद्यालय परिसर में सुरक्षा दीवार का निर्माण करने में अपना सहयोग प्रदान किया। इस अवसर पर एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी शकुतंला सैनी ने मुख्यातिथि खंड विकास अधिकारी व तहसील कल्याण अधिकारी को एनएसएस कैप व समृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर स्कूल के प्रधानाचार्य यादेश गुप्ता सहित विभिन्न विषयों के प्रवक्ता व अध्यापक उपस्थित थे।

# पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल के निवास स्थान पहुंच कर तमाम कार्यकताओं ने लिया उनसे

**टीम एक्शन इंडिया/हमीरपुर/विवेकानंद वशिष्ठ**
सुजानपुर भाजपा मंडल एससी मोर्चा की कार्यकारिणी घोषित कर दी गई है शनिवार को पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल के निवास स्थान समीरपुर में घोषित कार्यकारिणी सदस्यों ने पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल से आशीर्वाद प्राप्त किया है भाजपा एससी मोर्चा मंडल सुजानपुर के कार्यकारिणी घोषित, जोगिंदर सिंह दूसरी बार बने अध्यक्ष। जानकारी देते हुए जिला भाजपा सचिव विनोद ठाकुर ने बताया जो कार्यकारी घोषित की गई है उसमें बीजेपी हाई कमान के साथ-साथ पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम



कुमार धूमल केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर जिला भाजपा अध्यक्ष देशराज शर्मा विधानसभा चुनाव में भाजपा के प्रत्याशी रहे कैप्टन रंजीत राणा सुजानपुर भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रोफेसर विक्रम राणा तमाम लोगों से विचार विमर्श करने के बाद ही यह कार्यकारिणी घोषित हुई है उन्होंने बताया कि जोगिंदर सिंह को दूसरी बार एससी मोर्चा मंडल सुजानपुर का अध्यक्ष घोषित किया गया है इसके साथ-साथ इस कार्यकारिणी में रवि कुमार दलवीर सिंह सतपाल सिंह बंटी कुमार सरवन कुमार सोनू उर्फ भगवान को उपाध्यक्ष सुनील कुमार रिंकू डोगरा महामंत्री सुरेश कुमार सुरजीत सिंह पूनम डोगरा संजीव

# नशे को लेकर किया स्कूलों का सर्वेक्षण, आंकड़ों ने चौंकाया प्रशासन

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**
**जिला** प्रशासन द्वारा नशे के खिलाफ चल रहे नशा मुक्त ऊना अभियान में स्कूली स्तर पर किए गए सर्वेक्षण से चौंकाने वाले आंकड़े सामने आए हैं। अब इन्हीं आंकड़ों के आधार पर जिला प्रशासन द्वारा नशा मुक्त अभियान को लेकर आगामी रणनीति तय की जाएगी। इस सर्वेक्षण के अनुसार स्कूलों में पढ? वाले बच्चे भी नशे के गिरफ्त में पाए गए हैं। छठी से जमा 2 तक के बच्चों के यह आंकड़े हर वर्ग को विचलित करने वाले हैं। इसी

**निशाना बनाया**

~~8 इस बार इस बार इस बार इस बार इस बार इस बार इस बार इस बार इस बार इस बार इस बार इस बार इस बार~~

सर्वेक्षण में यह भी खुलासा हुआ है कि यह बच्चे अपने दोस्तों और अपनी पारिवारिक पृष्ठभूमि के चलते नशे की गिरफ्त में जा रहे हैं। वहीं अब जिला प्रशासन द्वारा नशे की मांग और इसकी आपूर्ति को रोकने के लिए भी प्रभावी कदम उठाने के लिए रणनीति बनाने का फैसला लिया है। डीसी राघव शर्मा ने पत्रकार वार्ता में खुलासा करते हुए कहा कि इस सर्वेक्षण के बाद प्रशासन की अगली उत्सुकता यह जानने के लिए थी कि आखिर इतनी छोटी उम्र के यह बच्चे नशे की गिरफ्त में आए तो कैसे? बच्चों के नशे के गिरफ्त में जाने का कारण जहां एक तरफ इंटरनेट पर उपलब्ध नशे संबंधी सामग्री बताई गई है, वही इन बच्चों के दोस्त और इसके अतिरिक्त उनके पारिवारिक परिवेश भी उन्हें नशे की तरफ धकेलना में काफी सहायक रहा

## चौकीमन्यार कॉलेज में सडक व साइबर सुरक्षा पर किया जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**
राजकीय महाविद्यालय चौकीमन्यार में रोड सेफ्टी क्लब द्वारा सडक सुरक्षा और साइबर सुरक्षा पर जागरूकता एवं सेमिनार का एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में पुलिस चौकी जोल प्रभारी रवि पाल शर्मा व अशोक शर्मा रिसोर्स पर्सन के रूप में शिरकत की। पुलिस चौकी प्रभारी रवि पाल शर्मा ने यातायात के नियमों सडक सुरक्षा का महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की और साइबर सुरक्षा के बारे में अपने विचार साझा करते हुए महाविद्यालय के छात्रों में

# कांग्रेस सरकार ने 10 महीने में 10300 करोड़ का

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**
आरटीआई के माध्यम से मिली सूचना के अनुसार वर्तमान कांग्रेस सरकार ने पिछले 10 महीने में 10,300 करोड़ रू. का लोन लिया है। हमारा यह मानना है कि इसके अतिरिक्त भी लगभग 1000 करोड़ रू. का लोन सरकार ने अन्य संस्थाओं द्वारा लिया है। इसका मतलब 10 महीने में 11300 करोड़ रू. लोन लिया गया अर्थात 5 साल की सरकार में 60 हजार करोड़ रू. का लोन लेने की तैयारी वर्तमान कांग्रेस पार्टी की सरकार ने कर ली है। यह आरटीआई भाजपा मीडिया प्रभारी कर्ण नंदा द्वारा ली गई। डॉ. बिन्दल ने कहा कि ये 12000



करोड़ रू. का लोन तो उस सूरत में होगा जब सुखविन्द्र सिंह सुक्खू की सरकार ने एक भी नया संस्थान प्रदेश में नहीं खोला । एक भी पुराने संस्थान को स्तरोन्नत नहीं किया।
स्वास्थ्य विभाग में एक भी डॉक्टर की भर्ती नहीं कीए एक भी पैरा मैडिकल की भर्ती नहीं की। यही स्थिति शिक्षा व अन्य विभाग की हैं अर्थात एक साल में कर्मचारी रिटायर तो हुए पर नई भर्ती हुई है। प्रदेश में विकास कार्य बंद है, केवल वही कार्य चल रहे हैं जिन कार्यों पर केन्द्र सरकार से धन की स्वीकृति व धन प्राप्त हुआ है। यथा प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना, सैन्ट्रल रोड़ फं ड स्वास्थ्य विभाग के वह भवन जिनमें केन्द्र के धन की स्वीकृति है, जल जीवन मिशन जिसका सारा पैसा केन्द्र से आया है, फ ोरलेन हाईवे जो सीधा-सीधा केन्द्र सरकार ही बना रही है, इनकी मुरम्मत भी की जा रही है, बीआरओर बॉर्डर रोड़ आगेर्नाईजेशन की सडकें जिसका सम्पूर्ण कार्य केन्द्र सरकार की एजेंसिज कर रही है, रेलवे विस्तार का कार्य वह भी पूर्णत केन्द्र सरकार के अधीन है, आईआईएम का भवन व केन्द्रीय विश्वविद्यालय का भवन आदि भाजपा का यह कहना है कि 12

# डीएवी स्कूल मनाली में ग्रेंड पैरेंट्स डे कुटुंब की धूम

**टीम एक्शन इंडिया/मनाली/राज अग्रवाल**

**डीएवी** पब्लिक स्कूल मनाली में आज शनिवार को ग्रेंड पैरेंट्स डे कुटुंब बहुत धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर मुख्यअतिथि के रूप में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कुल्लू संजीव चौहान उपस्थित रहे। सर्वप्रथम उन्होंने विद्यालय परिसर में छात्रों के द्वारा बनाई गई विभिन्न विषयों से संबंधित चार्ट तथा मॉडल की प्रदर्शनी का अवलोकन किया। कार्यक्रम के दौरान अन्य डीएवी स्कूल के प्रधानाचार्य तथा स्थानीय स्कूलों के प्रधानाचार्य भी उपस्थित रहे। डीएवी पब्लिक स्कूल मनाली के प्रधानाचार्य आर एस राणा ने मुख्य अतिथि तथा आए हुए सभी गणमान्य अतिथियों और अभिभावकों का जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वप्रथम दीप प्रज्वलन से किया



गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत कक्षा एलकेजी से चौथी, छठी तथा दसवीं के प्रत्येक छात्र ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में बढ-चढकर भाग लिया। छात्रों ने भजन नृत्य, फि ल्मी नृत्य, हिमाचली नाटी, पंजाबी भांगड़ा, कराटे जैसी रंगारंग प्रस्तुतियां पेश की। डीएवी स्कूल की अध्यापिकाओं ने राजस्थानी घूमर नृत्य करके कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। मुख्य अतिथि ने पिछले वर्ष कक्षा एलकेजी से तीसरी तथा पांचवी के प्रतिभाशाली छात्रों को उनके उत्कृष्ट शैक्षिक परिणाम के लिए स्मृति चिन्ह तथा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

मुख्य अतिथि ने छात्रों तथा अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि डीएवी पब्लिक स्कूल मनाली दिन प्रतिदिन उन्नति के पथ पर अग्रसर है।

**अवलोकन**

**8 छात्रों के द्वारा बनाई गई विभिन्न विषयों से संबंधित चार्ट तथा मॉडल की प्रदर्शनी का अवलोकन किया**

उन्होंने विद्यालय में हो रहे रचनात्मक तथा विकासात्मक कार्य के लिए के लिए प्रधानाचार्य की प्रशंसा की। जिसका श्रेय उन्होंने अभिभावकों को दिया क्योंकि अभिभावकों के सहयोग के बिना कोई भी विकास का कार्य विद्यालय में संभव नहीं हो सकता। इसलिए उन्होंने प्रशंसनीय सहयोग के लिए सबका धन्यवाद किया तथा आगे भी इसी प्रकार सहयोग देने का आग्रह किया।

## वॉलीबाल में आर्य स्कूल विजेता और पिपलू उपविजेता

**टीम एक्षन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

**निजी** स्कूल एसोसिएशन ब्लॉक बंगाणा द्वारा आर्य पब्लिक स्कूल बंगाणा में चल रही 15वीं खंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता शनिवार को संपन्न हो गई। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर पंचायत समिति सदस्य सविता शर्मा ने शिरकत करते हुए विजेता व उपविजेता टीमों को सम्मानित किया। सविता शर्मा ने कहा कि खेल खेलने से मनुष्य का शारीरिक विकास व मानसिक विकास होता है और खिलाडि ?ों को खेल हमेशा बिना किसी द्वेष भावना के खेलना चाहिए। उन्होंने कहा कि खेल-खेलने से जहां आपसी भाईचारे को बढ़ावा मिलता है, वहीं खिलाड़ी देश व प्रदेश में भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकते हैं। खेलकूद प्रतियोगिता के दौरान सीनियर बॉयज वॉलीबॉल प्रतियोगिता में आर्य पब्लिक स्कूल बंगाणा विजेता और एसएस मॉडल स्कूल पिपलू उपविजेता रही।

# शतरंज मुकाबलों में मंडी, ऊना व कांगड़ा विजेता



**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

**राजकीय** वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बसदेहड़ा में चल रही राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के दूसरे दिन काफी रोमांचकारी मुकाबले हुए। स्कूल प्रधानाचार्य राजिंद्र माहल व ऊना एडीपीओ जगजीत सिंह ने बताया कि हैंडबाल के मुकाबले में शिमला ने हमीरपुर, ऊना ने चंबा व कांगड़ा ने बिलासपुर को हराकर अगले दौर में प्रवेश किया। वहीं बास्केटबाल में शिमला ने किन्नौर को, कांगड़ा ने बिलासपुर को व ऊना ने कुल्लू को हराया। शतरंज के मुकाबलों में मंडी ने शिमला को, ऊना ने सोलन को, कांगड़ा ने बिलासपुर को, चंबा ने सिरमौर को व कुल्लू ने किन्नौर को हराया। वेट लेफ्टिंग के मुकाबले में 55 किलोग्राम भार वर्ग में सोलन ने प्रथम, कांगड़ा ने द्वितीय व सिरमौर ने तृतीय स्थान पर रही। 61 किलोग्राम भार वर्ग में सोलन ने प्रथम, ऊना ने द्वितीय व कांगड़ा ने तृतीय स्थान पाया। 67 किलोग्रामी भार वर्ग में सोलन ने प्रथम, कांगड़ा ने द्वितीय व ऊना ने तृतीय स्थान पााया। इस अवसर पर डीपीई शमशेर सिंह, डीपीई संजय वशिष्ट, पीईटी कुलवंत, अश्वनी, भीष्म, विपिन सहित अन्य उपस्थित रहे।

# आगे बढ़ने के लिए मन में सेवा भाव जरूरी: राघव

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

**राजकीय वरिष्ठ** माध्यमिक पाठशाला सलोई के चल रहे एनएसएस शिविर के तीसरे दिन जिला युवा कांग्रेस के अध्यक्ष राघव राणा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। राघव राणा ने स्वयंसेवियों को जीवन में उन्नति की ओर अग्रसर होने के लिए मेहनत करने का मंत्र दिया। उन्होंने कहा कि जब हम सेवा भाव में होते हैं, तो ही हम जीवन में आगे बढ़ पाते हैं। इसलिए समाज के साथ आगे बढ़ाने के लिए हमारे मन में सेवा भाव अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बच्चों को



पढ़ाई के साथ-साथ खेलो तथा अन्य गतिविधियों में भाग लेने के लिए भी प्रेरित किया। उन्होंने स्वयंसेवियों के उत्साहवर्धन के लिए 5100 रुपये की राशि भी भेंट की। इस अवसर पर प्रधानाचार्य व्यास देव धीमान, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी सुनील शर्मा, महिला कार्यक्रम अधिकारी एनएसएस रीना रानी, अनिल ताखी, अमन जसवाल, अतुल शर्मा, आलिब, एसएमसी अध्यक्ष परविंदर वर्मा व मुश्ताक मोहम्मद उपस्थित रहे।

# नाथपा झाकड़ी हाइड्रो पावर स्टेशन ने आयोजित किया वॉलीबॉल खेल प्रतियोगिता

**टीम एक्शन इंडिया/रामपुर बुशहर/लिहांटू**

निगम को नई राह, नई दिशा दिखाने वाले निगम के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक नन्द लाल शर्मा, जिन्होंने एसजेवीएन को एक नई पहचान देकर विश्व पटल पर स्थापित किया। सदैव ही कर्मचारियों को उत्साहित एवं निरंतर आगे बढने के लिए प्रेरित करते रहे है। उनका यह भी मानना है कि खेलों से अधिकारी/कर्मचारियों में मानसिक सुद्दढ़ता, आपसी भाईचारे की भावना जागृति होती है जो उनके स्वास्थ्य के लिए हितकारी है। एसजेवीएन आंतर परियोजना खेल प्रतियोगता 4 नवंबर 2023 से शुरू होकर 7 जनवरी, 2024 तक चलेगी। प्रतियोगिता के प्रथम



चरण में 04 नवंबर से 05 नवंबर तक एनजेएचपीएस झाकड़ी में वॉलीबाल प्रतियोगिता का आगाज हो गया है। प्रतियोगिता का शुभारंभ वॉलीबॉल खेल मैदान, झाकड़ी में मुख्य अतिथि महाप्रबंधक वित एवं लेखा विवेक भटनागर द्वारा किया गया और एसजेवीएन सॉन्ग को सस्वर गया गया। तत्पश्चात मुख्य-अतिथि विवेक भटनागर ने उपस्थित सभी टीमों की मार्चपास्ट की सलामी ली। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने सभी से टीम भावना के साथ खेलने का अनुरोध किया और कहा कि खेल सिर्फ खिलाड़ियों का ही नहीं बल्कि इसमें पूरी मैनेजमेंट कोचे एवं समन्वयक सभी का सहयोग है। इससे शारीरिक व्यायाम के साथ-साथ आपसी भाईचारे का भी आदान प्रदान होता है इसलिए आप सब अपने खेल का बेहतरीन प्रदर्शन कर अपने अपने यूनिट का प्रतिनिधित्व करें। कार्यक्रम के आरंभ में शिवालिक पब्लिक स्कूल झाकड़ी के बच्चो द्वारा हिमाचली नाटी की मनमोहक प्रस्तुति की गई।

दो दिनों तक चलने वाली इस आंतर प्रोजेक्ट वॉलीबॉल खेलकूद प्रतियोगिता में कुल 5 टीमें भाग ले रही है। जिसमें नाथपा झाकड़ी हाइड्रो पावर स्टेशन के साथ साथ कॉरपोरेट हेडक्वार्टर शिमला, रामपुर हाइड्रो पावर स्टेशन, लुहरी हाइड्रो इलेक्ट्रिकल प्रोजेक्ट और बक्सर थर्मल पावर प्रोजेक्ट की टीमें शामिल है।

पहले दिन सभी टीमों ने अपने दो दो मुकाबले हुए। प्रतियोगिता में पहले, दूसरे और तीसरे स्थान के लिए मुकाबले रविवार को खेले जाएंगे। इस शुभअवसर पर परियोजना प्रमुख/कार्यकारी निदेशक मनोज कुमार जो किसी कार्यालय कार्य के कारण दौरे पर है उन्होंने विभिन्न यूनिट से आए सभी खिलाड़ियों को खेल भावना से खेलने के लिए प्रेरित किया और साथ ही सभी खिलाड़ियों को सफल प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दी।

## श्री नयनादेवी जी अप्पर मंडल युवा मोर्चा कार्यकारिणी की हुई घोषणा

**टीम एक्शन इंडिया/बिलासपुर/कश्मीर ठाकुर**

श्री नयनादेवी जी अप्पर मण्डल के युवा मोर्चा अध्यक्ष अमन गुप्ता ने श्री नयनादेवी जी विधानसभा के विधायक रणधीर शर्मा व अन्य प्रमुख कार्यकर्ताओं से चर्चा करने के उपरान्त अप्पर मण्डल युवा मोर्चा कार्यकारिणी की आज घोषणा कर दी। उन्होने चन्दपुर सिंकरोहा से देवेन्द्र ठाकुर, पलोग से मनोज कुमार, खुई मैहथी से विक्रम मिन्हास, साई खारसी से प्रवीण शर्मा और कोठीपुरा से कर्ण शर्मा को उपाध्यक्ष मनोनीत किया है।

# सरस्वती विद्या मंदिर स्कूलों की खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न

**टीम एक्शन इंडया/बिलासपुर/कश्मीर ठाकुर**

सरस्वती विद्या मंदिर रौड़ा में संकुल एक शिशु वाटिका खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।जिसमें स्कूली बच्चों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। इस खेलकूद प्रतियोगिता की अध्यक्षता स्कूल प्रधानाचार्य अश्वनी कुमार ने की।

जबकि समारोह के शुभारंभ पर समाजसेवी उद्योगपति नंद प्रकाश वोहरा ने शिरकत की।उन्होंने कहा कि इस तरह का आयोजन पहले कभी नहीं हुआ है।

सरस्वती विद्या मंदिर में शिक्षा ग्रहण कर रहे नौनिहालों के लिए यह नई शुरूआत की गई है।



उन्होंने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताओं के आयोजन से इन बच्चों में प्रतिस्पर्धा की भावना जागृत होगी।उन्होंने सभी स्कूलों को और बच्चों को अपनी शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर प्रधानाचार्य ने कहा कि इस खेलकूद प्रतियोगिता में छह स्कूलों के 160 नौनिहालों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया है। उन्होंने अभिभावकों से भी आग्रह किया है कि बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ खेलों में भी भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित करें। प्रतियोगिता के समापन पर सरस्वती विद्या मंदिर मेन मार्केट के प्रबंध समिति अध्यक्ष प्रविंद्र शर्मा ने सभी विजेता उपविजेता बच्चों को पुरस्कार वितरित किए। वहीं, स्कूल में आयोजित पहली कक्षा की 100 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में एसवीएम डियारा के पकंज, एसवीएम रौड़ा के आरव, एसवीएम मेन मार्किट के कनक ने पहला, दूसरा, तीसरा स्थान हासिल किया।

# क्रिप्टो करंसी धोखाधड़ी के सरगनाओं पर होगी कड़ी कार्रवाई: मुकेश

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

उप.मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने गत दिवस को प्रदेश में क्रिप्टो करंसी धोखाधड़ी की जांच सम्बंधी एक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने कहा कि क्रिप्टो करंसी के माध्यम से कम समय में अधिक लाभ का झांसा देकर प्रदेश के भोले.भाले लोगों को सुनियोजित तरीके से ठगा गया है। प्रदेश में 2500 करोड़ रुपये के अवैध निवेश से जुड़ी क्रिप्टो करंसी धोखाधड़ी पर चिंता व्यक्त करते हुए उप-मुख्यमंत्री ने लोगों से अपील की है कि वे इस तरह की अनाधिकृत योजनाओं में निवेश न करें। उन्होंने कहा कि नियमन के अभाव में निवेशकों को ऐसे निवेश से धोखाधड़ी और हेराफेरी का जोखिम बना रहता है। उप-मुख्यमंत्री ने कहा कि लोग फ ोरलेन और राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं से मिले मुआवजे का पैसा भी क्रिप्टो करेंसी में लगा कर डिजिटल धोखाधड़ी का शिकार बने। उन्होंने कहा कि लोगों को सतर्क रहते हुए इस तरह की धोखाधड़ी वाली योजनाओं के झांसे में नहीं आना चाहिए। उन्होंने कहा कि क्रिप्टो करंसी के झांसे में आकर लोगों की मेहनत की कमाई के लगभग 500 करोड़ रुपये डूब गए हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक आरबीआई और



**चिंता व्यक्त की**

**8 नियमन के अभाव में निवेशकों को ऐसे निवेश से धोखाधड़ी और हेराफेरी का जोखिम बना रहता है**

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड सेबी ने भी क्रिप्टो करेंसी और बिटकॉइन में प्रमाणिकता के संबंध में अस्पष्टता की पुष्टि की है। राज्य के विभिन्न जिलों से क्रिप्टो धोखाधड़ी की शिकायतें निरंतर सामने आ रही हैं। अब तक क्रिप्टो करंसी धोखाधड़ी की 300 से अधिक शिकायतें पुलिस को प्राप्त हुई हैं। इसके सरगनाओं ने प्रदेश के लोगों को धोखा दिया है। उन्होंने कहा कि पुलिस क्रिप्टो करेंसी सरगनाओं के खिलाफ उचित कार्रवाई कर प्रदेश के लोगों को न्याय दिलाएगी। उप-मुख्यमंत्री ने क्रिप्टो नेटवर्क को तोड? और मंडी से आरोपी हेमराज और सुखदेव, ऊना से अरुण गुलेरिया और अभिषेक सहित कई गिरफ्तारियां करने के लिए हिमाचल पुलिस की सराहना की। उन्होंने कहा कि मंडी जिला के सरकाघाट का एक अन्य आरोपी सुभाष शर्मा शीघ्र ही पुलिस की गिरफ्त में होगा। पुलिस महानिदेशक, संजय कुंडू ने बताया कि विभाग ने क्रिप्टो घोटाले में संलिप्त लगभग 2.5 लाख अलग-अलग आईडी वाली वेबसाइटों का पता लगाया है। उन्होंने कहा कि क्रिप्टो करंसी के इस जाल में आरम्भिक स्तर पर 70 से 80 धोखेबाज शामिल होने का अनुमान है। पुलिस ने धोखेबाजों की धरपकड़ के लिए छापेमारी कर हिमाचल और जीरकपुर में विभिन्न स्थानों पर अब तक 8.5 करोड़ की संपत्ति जब्त की है।

# उपायुक्त ने 18 बेघर परिवारों को प्रदान की आवश्यक सामग्री

**टभ्म एक्शन इंडिया/हमीरपुर/विवेकानंद वशिष्ठ**

बरसात के सीजन के दौरान प्राकृतिक आपदा से अपने मकान पूरी तरह गंवा चुके हमीरपुर उपमंडल के 18 परिवारों की मदद के लिए डूअर्स संस्था भी आगे आई है। आपदा पीड़ितों की मदद के लिए राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण एसडीएमए के साथ कार्य कर रही डूअर्स संस्था ने इन 18 परिवारों के लिए राशन किट्स, शीट्स, कंटेनर और अन्य सामग्री उपलब्ध करवाई है। एसडीएम के साथ कार्य कर रही डूअर्स संस्था ने उपलब्ध करवाया



है यह सामान

उपायुक्त हेमराज बैरवा ने शनिवार को यहां हमीर भवन में प्रभावित परिवारों को यह सामग्री भेंट की। इस अवसर पर एडीसी मनेश कुमार यादव, एसडीएम मनीष कुमार सोनी, जिला राजस्व अधिकारी जसपाल सिंह, डूअर्स संस्था के कार्यक्रम समन्वयक नवनीत कुमार और अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे। इस अवसर पर उपायुक्त ने बताया कि प्रदेश सरकार ने आपदा से बेघर हुए लोगों के लिए 7-7 लाख रुपये की सहायता राशि का प्रावधान किया है। इसके अलावा सस्ती दरों पर सीमेंट उपलब्ध करवाने की घोषणा भी की है। उपायुक्त ने कहा कि प्रदेश सरकार ने आपदा प्रभावितों के लिए पहली बार इतनी बड़ी सहायता राशि की घोषणा की है। उन्होंने बताया कि जिला हमीरपुर के प्रभावित परिवारों को आपदा के तुरंत बाद ही राहत राशि दे दी गई थी और अब प्रदेश सरकार द्वारा घोषित किए गए विशेष राहत पैकेज के अंतर्गत भी धनराशि के आवंटन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

## जिला स्तरीय लोकनृत्य प्रतियोगिता आवेदन 16 नवम्बर तक : रेवती सैनी

**टीम एक्शन इंडिया/बिलासपुर/कश्मीर ठाकुर**

भाषा एवं संस्कृति विभाग कला एवं संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्द्धन के लिये वर्ष भर साहित्यिक, सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन करवाता रहता है। इसी कड़ी में विभाग द्वारा प्रतिवर्ष जिला स्तरीय लोकनृत्य प्रतियोगिता का आयोजन करवाया जाता है। जिला भाषा अधिकारी रेवती सैनी ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु जिला के सांस्कृतिक दल सादर आमंत्रित हैं। सांस्कृतिक दल प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु दिंनाक 16 नवंबर तक जिला भाषा अधिकारी कार्यालय में आवेदन कर सकते हैं।

# रात्रि 8 बजे से 10 बजे तक ही ग्रीन पटाखों को चलाने की अनुमति

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

**जिला** दंडाधिकारी राघव शर्मा ने दीवाली त्यौहार के दृष्टिगत जारी आदेशों में कहा कि दीवाली और अन्य त्यौहार जैसे गुरू पर्व वाले दिन रात्रि 8 बजे से रात्रि 10 बजे तक ही ग्रीन पटाखों को चलाने की अनुमति रहेगी। इसके अतिरिक्त क्रिसमिस और नव वर्ष पर मध्य रात्रि 11:55 से लेकर 12:30 बजे तक ही पटाखे चलाने की अनुमति होगी। डीसी राघव शर्मा ने कहा कि दीवाली त्यौहार में केवल ग्रीन पटाखों का ही भंडारण एवं बिक्री की जाएगी। उन्होंने कहा कि जिला के सभी उपमंडल दंडाधिकारी ग्रीन पटाखों की बिक्री के लिए अपने-अपने क्षेत्राधिकार में उपयुक्त स्थान चिंहित करेंगे। उपायुक्त ने कहा कि ग्रीन पटाखों को गैर-ज्वलनशील सामग्री से बने शेड में रखा जाए। ग्रीन पटाखों की बिक्री के लिए शेड एक दूसरे से कम से कम तीन मीटर की दूरी पर होना अनिवार्य है। किसी भी शेड के पचास मीटर के दायरे में ग्रीन पटाखों के प्रदर्शन की अनुमति नहीं होगी। शेड एक दूसरे के सामने नहीं होना चाहिए। प्रत्येक दुकान में स्विच दीवार से सटे होने चाहिए और शेड की प्रत्येक पंक्ति के लिए एक मास्टर स्विच होना भी जरूरी है। उन्होंने कहा कि फायर क्रैकर्स स्टॉल लगाने के लिए संबंधित क्षेत्राधिकार के अनुविभागीय मजिस्ट्रटों से लाईसेंस प्राप्त किए बिना किसी भी व्यक्ति को ग्रीन पटाखों को स्टॉक और बिक्री नहीं करने की अनुमति नही होगी। अस्थायी लाइसेंस धारियों को ई-डिस्ट्रिक्ट पोर्टल के माध्यम से ईज ऑफ डूईंग बिजनेस सर्विसेज के तहत भी आवेदन किया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि सभी उपमंडलाधिकारियों, डीएसपी व एसएचओ माननीय उच्चतम न्यायाल द्वारा ग्रीन पटाखों को लेकर जारी किए गए निर्णय की अनुपालना करवाना सुनिश्चित करेंगे।

# खेल हमारे जीवन का एक अहम हिस्सा: डॉ. कार्तिकेय

**टीम एक्शन इंडिया/बिलासपुर/कश्मीर ठाकुर**

कल की चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना करने के लिए खेल हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। दो दिवसीय वॉलीबॉल खेलकूद प्रतियोगिता के शुभारंभ पर बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करते हुए एसपी डॉ कार्तिकेय गोकुल चंद्रन ने खिलाडि ?ों को संबोधित करते हुए यह बात कही। इस मौके पर उन्होंने रिबन काटकर वॉलीबॉल खेल में स्वयं खेलते हुए प्रतियोगिता की शुरूआत की। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों को खेलों की ओर प्रोत्साहित करने की बात रखी, ताकि बच्चे भविष्य में आने वाली चुनौतियों का सामना करने के काबिल बने। खेल में जीतना हारना एक अलग बात है।



खेल-खेल में बच्चा अच्छी बातों को सीखता है और अपने नए मित्र भी बनाता है। खेल हमारे जीवन में अच्छे चरित्र और अनुशासन जैसे नैतिक मूल्यों का संचार करते हैं। इन नैतिक मूल्यों के आधार पर ही हमारे खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का गौरव बढ़ा रहे हैं तथा समाज को नशे की बुरी आदत से दूर रहने के प्रति प्रेरित करते हैं। कहा कि खेलों से जहां हमें अनुशासनात्मक जीवन जीने की प्रेरणा मिलती है वहीं दूसरी ओर एक टीम के रूप में कार्य करने की सीख भी मिलती है।

## बैंक शाखा ने देवला छाम्ब गांव में पढ़ाया केसीसी अभियान का पाठ

**टीम एक्शन इंडिया/ बिलासपुर/कश्मीर ठाकुर**

हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक शाखा हरनोडा द्वारा नावार्ड के सौजन्य से देवला छाम्ब गांव में एक दिवसीय वितिया साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। इस वित्तीय साक्षरता शिविर में पंचायत सदस्य दुर्गी देवी व पंचायत सदस्य प्रियंका देवी विशेष रूप से उपस्थित रही। बैंक प्रबंधन से राजकुमार एकांता देवी ने भाग लिया। बैंक प्रबंधन से मौजूद राजकुमार ने शिविर में सरकार द्वारा चलाए जा रहे घर-घर केसीसी अभियान में जानकारी दी। हिम पैसा ऐप, डेबिट क्रेडिट कार्ड के माध्यम से लेनदेन तथा बचत के महत्व, पीएमजेजेवाई, पीएमएसबीवाई स्कीम आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

